English as an Additional Language Service

स्कूल में उपस्थिति : माता पिता के लिए मार्ग-दर्शन

माता-पिता होने के रूप में आप समझते ही होंगे कि यह बहुत आवश्यक है कि आप का बच्चा नियमित रूप में विद्यालय जाता है और समय पर जाता है। प्रत्येक अनुपस्थिति से बच्चे की शिक्षा की हानि होती है तथा इस का अर्थ यह भी हो सकता है कि वह आवश्यक शिक्षा पूरी नहीं कर सकते। जब कि अध्यापक बच्चों की सहायता करने की कोशिश करते हैं ताकि वह मिस किए हुए सबकों को पूरा कर सकें, इस से आध्यापकों का काम अधिक हो जाता है। जब विधार्थी देर से आते हैं तो इस कारण लैसन (पाठ) में बाधा पड़ती है। हो सकता है कि इस के साथ आवश्यक जानकारी अथवा इन्ांट्रकशन (निर्देश) भी मिस हो जाएं तथा फिर उन को लैसन में भाग लेना भी कठिन लगे।

डाक्टरी अथवा मंजूरशुदा कारणों वाली अनुपस्थिति

यदि आप के बच्चे को डाक्टरी अथवा और आवश्यक कारणों से स्कूल में से अनुपस्थित रहना पड़ता है तो आवश्यक है कि आप स्कूल के साथ फोन द्वारा संपर्क करें अथवा विद्यालय को लिख कर नोट दे कर अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण दें। (आप के बच्चे के स्कूल में अनुपस्थिति के संबंध में अनुवाद वाले नोट उपलब्ध हैं, आप उस को भरें तथा वापिस भेजें)। डाक्टरी अथवा और आवश्यक कारणों वाली अनुपस्थितियों को 'मंजूरशुदा अनुपस्थिति' के रूप में आप के बच्चे के अटैंडैंस रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा।

हो सकता है कि पैरेंटस अपने बच्चों को और आथोराईजड (मंजूरशुदा) कारणों से स्कूल से बाहर ले के जाएं , जैसे कि धार्मिक छुट्टिएं, पारिवारिक शादिएं, मातम तथा और पारिवारिक कारण अथवा दया करने वाले कारण। इन को 'मंजूरशुदा अनुपस्थिति' के रूप में रिकार्ड (दर्ज) कर लिया जाएगा। पेरैंटस को चाहिए कि जितनी जल्दी संभव हो सके ऐसी अनुपस्थितियों के बारे में स्कूल को सूचित करें ताकि अनुपस्थितियों को ठीक प्रकार रिकार्ड किया जा सके। यदि आप को पता चल जाता है कि किसी अनुपस्थिति को गल्त ढंग से रिकार्ड किया गया है तो आप स्कूल यीअर के अन्दर बाद में इस को ठीक करने के लिए कह सकते हैं।

और असाधारण हालातों में अनुपस्थिति

और अनुपस्थिति शायद केवल असाधारण हालातों में मंजूर की जा सके। यदि पैरेंटस असाधारण हालातों के लिए विद्यालय में दो सप्ताह तक की अनुपस्थिति के लिए बिनती करना चाहें तो उन को चाहिए कि वह विवरण सहित हैड टीचर को विनती करें।
ढ़ढ़
ऐसी अनुपस्थिति को चिल्डरन ऐंड फैमलीज डिपार्टमैंट की गाईडलाईनज के अनुसार मंजूरी देनी हैडटीचर की अपनी मर्जी पर है। दो से अधिक सप्ताहों की अनुपस्थिति के लिए की गई विनतियों को चिल्डरन ऐंड फैमलीज (ऐजुकेशन) डिपार्टमैंट के पास भेजा जाएगा।

नमंजूरशुदा अनुपस्थिति

जो अनुपस्थिति डाक्टरी अथवा और आथोराईजड (मंजूरशुदा) कारणों से नहीं है उस को आप के बच्चे के अटैंडैंस रिकार्ड में 'नमंजूरशुदा' के रूप में रिकार्ड किया जाएगा।

हैरीटेज विज़िटस

हैरीटेज (विरास्त) विज़िटस बच्चे अथवा युवा बच्चे की भाषा, सांसकृतिक तथा पारिवारिक विकास में महत्वपूर्ण भाग ले सकते हैं। पेरैंटस अपने पारिवारिक मूल वाले देश में हैरीटेज विज़िट के लिए जाने की बाबत विचार कर रहे हैं, उन को चाहिए कि सब से पहले वह विद्यालय की १२ सप्ताह वाली वार्षिक छुट्टियों में विज़िट के लिए जाने का प्रयास करें। यदि यह संभव ना हो तो आप को पलैनड (आयोजित) अनुपस्थिति की बाबत शीघ्रतम स्कूल के साथ बात चीत करनी चाहिए। अपनी योजनाओं की बाबत विद्यालय के साथ बात चीत करने से आप के बच्चे की ऐजुकेशन मे न्यूनतम डिसरपशन (विघटन) होगी तथा इस प्रकार स्कूल इस विज़िट को शैक्षणिक रूप में बहुत अच्छा बनाने के योग्य हो जाएगा। हो सकता है कि आप के बच्चे के टीचर तथा ई ए एल टीचर ऐसे ढंगों का सुझाव दे सकें जिन से आप का बच्चा विज़िट के अनुभवों तथा विद्यालय की शिक्षा में लिंक (संबंध) बना सकें तथा इस प्रकार विद्यालय के कयूरिकुलम (पाठयचर्या) में योगदान कर सकें।